# अध्याय 1

# सादृश्यता या समानता

सादृश्यता (समानता) से आशय किन्हीं दो वस्तुओं के मध्य अन्तर्निहित गुणों, धर्म आकार आदि के आधार पर समान होना है। इस परीक्षण के अन्तर्गत ऐसे प्रश्न पूछे जाते हैं, जिनमें शब्दों/अक्षरों/अंकों के दो युग्म दिए जाते हैं। पहले युग्म में दो शब्द/अक्षर/अंक दिए गए होते हैं जिनके मध्य एक निश्चित सम्बन्ध होता है। जबकि दूसरे युग्म में केवल एक शब्द/अक्षर/अंक दिया गया होता है और दूसरे शब्द/अक्षर/अंक के स्थान पर एक प्रश्नवाचक चिह्न (?) दिया होता है। आपको पहले युग्म के शब्दों/अक्षरों/अंकों के मध्य अन्तर्निहित सम्बन्ध के आधार पर प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर आने वाले शब्द/अक्षर/अंक का चुनाव दिए गए चार विकल्पों में से करना होता है।

*समानता परीक्षण पर आधारित निम्न तीन प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं*

1. शब्द समानता  2. अक्षर समानता  3. संख्या समानता

## शब्द समानता

व्यावहारिक जीवन एवं सामान्य जानकारी पर आधारित दो अर्थपूर्ण शब्दों के मध्य अन्तर्निहित आन्तरिक सम्बन्धों को समझने तथा विश्लेषण करने की योग्यता 'शब्द समानता' कहलाती है। इस प्रकार के प्रश्नों में प्रश्न दो भागों में दिया जाता है, पहले भाग में जो सम्बन्ध होता है, ठीक वैसा ही सम्बन्ध दूसरे भाग में खोजते हुए उत्तर विकल्प चुनना होता है।

**उदाहरण 1** दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द को चुनिए।

नदी : धारा :: महासागर : ?

(a) प्रवाह (b) तालाब (c) बाँध (d) समुद्र

***हल*** (*a*) जिस प्रकार, नदी के पानी से 'धारा' उत्पन्न होती है, उसी प्रकार, महासागर के पानी से 'प्रवाह' उत्पन्न होता है।

## अक्षर समानता

दो अक्षर समूहों में अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों के क्रमांकिक मानों के आधार पर उनके मध्य अन्तर्निहित आन्तरिक सम्बन्धों को समझने तथा विश्लेषण करने की योग्यता 'अक्षर समानता' कहलाती है। इस प्रकार के प्रश्न सामान्यता अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों पर आधारित होते हैं।

**उदाहरण 2** दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित अक्षरों को चुनिए।

SW : TX :: HL : ?

(a) IM (b) JK (c) IK (d) JM

***हल*** (*a*) जिस प्रकार, S W → T X (+1, +1)

उसी प्रकार, H L → I M (+1, +1)

अतः दूसरे युग्म का लुप्त अक्षर समूह 'IM' होगा।

## संख्या समानता

दो संख्याओं में गणितीय संक्रियाओं, सिद्धान्तों एवं नियमों के आधार पर, उनके मध्य अन्तर्निहित आन्तरिक सम्बन्धों को समझने तथा विश्लेषण करने की योग्यता 'संख्या समानता' कहलाती है। इस प्रकार के प्रश्नों में पहली दो संख्याओं के आधार पर पूछी गई संख्या निकाली जाती है।

**उदाहरण 3** दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित संख्या को चुनिए।

$$-\frac{3}{7} : \frac{7}{3} :: \frac{9}{2} : ?$$

(a) $\frac{2}{9}$ (b) $-\frac{9}{2}$ (c) $\frac{7}{2}$ (d) $-\frac{2}{9}$

***हल*** (*d*) जिस प्रकार, $-\frac{3}{7} \rightarrow \frac{7}{3}$

उसी प्रकार, $\frac{9}{2} \rightarrow \boxed{-\frac{2}{9}}$

**नोट** *यहाँ पर दी गई संख्या का विपरीत चिह्न के साथ व्युत्क्रम लिखा गया है।*

**उदाहरण 4** विकल्पों में अंकों के चार समूह दिए गए हैं। उनमें से उन अंकों के समूह को ज्ञात कीजिए जो प्रश्न में दिए गए अंकों के समूह से अधिकतम मेल खाता हो। दिया गया समूह (6, 10, 14)

(a) (4, 16, 29) (b) (7, 12, 22)
(c) (6, 12, 22) (d) (5, 9, 13)

***हल*** (*d*) जिस प्रकार, 6 → 10 → 14 (+4, +4)

उसी प्रकार, 5 → 9 → 13 (+4, +4)

# अभ्यास के लिए प्रश्न

## शब्द समानता

**1.** 'बैंक' जिस प्रकार 'धन' से सम्बन्धित है, उसी प्रकार, 'परिवहन' निम्न में से किससे सम्बन्धित है?
(a) गति (b) माल
(c) सड़क (d) ट्रैफिक

**2.** 'अदालत' जिस प्रकार सम्बन्धित है 'न्याय' से, उसी प्रकार, 'विद्यालय' निम्न में से किससे सम्बन्धित है?
(a) अध्यापक (b) शिक्षा
(c) छात्र (d) कक्षा

**3.** 'बर्तन' सम्बन्धित है 'चम्मच' से, तो 'कैलेण्डर' सम्बन्धित है
(a) समय (b) कागज
(c) छपाई (d) तारीख

**निर्देश** (प्र.सं. 4-12) *निम्न में से वह जोड़ा/समूह चुनिए जोकि उसी तरह का सम्बन्ध दिखाता है जैसा कि प्रत्येक जोड़े/समूह के साथ वाले जोड़े/समूह में है।*

**4.** नारियल : खोल :: पत्र : ?
(a) लिफाफा (b) डाक
(c) डाक टिकट (d) लैटर-बॉक्स

**5.** भोजन : मीनू :: पुस्तकालय : ?
(a) पुस्तकें (b) लाइब्रेरियन
(c) सारणी (d) शैल्फ

**6.** समारोह : थियेटर :: भोज : ?
(a) पार्टी (b) रात्रिकालीन भोजन
(c) होटल (d) दोपहर का भोजन

**7.** दिन : सप्ताह :: सप्ताह : ?
(a) वर्ष (b) दिन (c) महीना (d) घण्टा

**8.** धान : चावल :: दूध : ?
(a) दवाई (b) जहर (c) क्रीम (d) राशन

**9.** गज : दूरी :: घड़ी : ?
(a) लम्बाई (b) चौराहा
(c) गहराई (d) समय

**10.** प्रतिमा : मूर्तिकार :: कपड़े : ?
(a) मैकेनिक (b) हलवाई
(c) दर्जी (d) डॉक्टर

**11.** पैसा : सम्पत्ति :: ?
(a) क्रूर : गुस्सा (b) करुणा : दयालुता
(c) बुद्धिमान : शिक्षा (d) अभिमान : विनम्रता

**12.** नियमित : यदा-कदा :: ?
(a) कभी-कभी : कभी नहीं
(b) अधिकता : कुछ
(c) सफेद : भूरा
(d) सद्भावी : सच्चा

## अक्षर समानता

**निर्देश** (प्र.सं. 13-20) *निम्न में से पहले युग्म के पदों के बीच सम्बन्ध को ध्यान में रखते हुए दूसरे युग्म में लुप्त उसी सम्बन्ध वाले अक्षर समूह/संख्या को बताइए।*

**13.** MLO : 121114 :: QJL : ?
(a) 192022 (b) 160911
(c) 160813 (d) 2218175

**14.** $\frac{E}{H} : \frac{22}{19} :: \frac{B}{I} : ?$
(a) $\frac{24}{17}$ (b) $\frac{25}{18}$ (c) $\frac{3}{7}$ (d) $\frac{17}{19}$

**15.** CEIS : TJFD :: HKMP : ?
(a) QNLI (b) NMIQ (c) IMNQ (d) ILNQ

**16.** ZADC : BCFE :: RSFE : ?
(a) TUEH (b) TUHG
(c) TOHG (d) TUGH

**17.** QSUW : TVXZ :: DFHJ : ?
(a) GKIM (b) GIKM
(c) RTVS (d) GMIK

**18.** DQPVE : CROWD :: INVRF : ?
(a) HUOSE (b) UOSED
(c) HORSE (d) HOUSE

**19.** 8 : 13 :: 15 : ?
(a) 20 (b) 21 (c) 19 (d) 18

**20.** 4 : 16 :: 5 : ?
(a) 12 (b) 25 (c) 36 (d) 40

## संख्या समानता

**निर्देश** (प्र.सं. 21-26) *नीचे दिए गए चिह्न (::) के बाईं ओर दी गई दो संख्याओं में कुछ सम्बन्ध है। दी गई तीसरी और चौथी संख्या में भी वही सम्बन्ध है। चौथी संख्या (?) लुप्त है, लुप्त संख्या को ज्ञात करें।*

**21.** 16 : 34 :: 11 : ?
(a) 88 (b) 86 (c) 24 (d) 22

**22.** 63 : 504 :: 53 : ?
(a) 420 (b) 421 (c) 422 (d) 424

**23.** 3210 : 5432 :: 6753 : ?
(a) 8975 (b) 9678 (c) 7635 (d) 5893

**24.** 4 : 25 :: 6 : ?
(a) 29 (b) 36 (c) 42 (d) 49

**25.** 5 : 250 :: 6 : ?
(a) 432 (b) 315 (c) 256 (d) 286

**26.** 8 : 38 :: 5 : ?
(a) 20 (b) 16 (c) 18 (d) 23

**निर्देश** (प्र.सं. 27-30) *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार विकल्प समूहों के रुप में दिए गए हैं, इनमें से उस संख्या समूह को चुनिए, जो प्रश्न में दिए गए संख्या समूह से अधिकतम मेल खाता हो।*

**27.** (5, 9, 16)
(a) (4, 8, 16) (b) (6, 9, 12)
(c) (7, 11, 18) (d) (8, 11, 12)

**28.** (1, 4, 9)
(a) (42, 34, 16) (b) (16, 25, 36)
(c) (34, 24, 14) (d) (26, 32, 42)

**29.** (4, 8, 16)
(a) (3, 6, 12) (b) (2, 8, 10)
(c) (5, 12, 18) (d) (7, 10, 18)

**30.** (6, 36, 63)
(a) (7, 49, 98) (b) (8, 64, 46)
(c) (9, 84, 45) (d) (11, 11, 84)

## विगत् वर्षों के प्रश्न

**निर्देश** (प्र. सं. 31-34) *दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द/अक्षर/संख्या को चुनिए।*

**[SSC कांस्टेबल, 2015]**

**31.** 4 : 19 = 7 : ?
(a) 52 (b) 68 (c) 28 (d) 49

**32.** DIMO : DMIO : : JUVR : ?
(a) JVUR (b) JUVR (c) JRVU (d) JVRU

**33.** पुस्तक : पुस्तकालय : : वृक्ष : ?
(a) फर्नीचर (b) फल
(c) छाया (d) वन

**34.** फ्रेंच : फ्रांस : : डच : ?
(a) स्वीडन (b) नॉर्वे (c) फिजी (d) हॉलैण्ड

**निर्देश** (प्र. सं. 35-39) *निम्न प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द/संख्या को चुनिए।*

**[SSC कांस्टेबल, 2013]**

**35.** शिक्षक : स्कूल : : नर्स : ?
(a) डॉक्टर (b) रोगी
(c) दवाई (d) अस्पताल

**36.** 11 : 1331 : : 9 : ?
(a) 979 (b) 991 (c) 729 (d) 879

**37.** खिड़की : बढ़ई : : मूर्ति : ?
(a) मूर्तिकार (b) मिस्त्री
(c) लुहार (d) सुनार

**38.** मनोविज्ञान : मन : : अंकगणित : ?
(a) ज्ञान (b) संख्या
(c) ऊँचाई (d) फॉर्मूला

**39.** बर्फ : ठण्डक : : पृथ्वी : ?
(a) वजन (b) जंगल
(c) गुरुत्वाकर्षण (d) समुद्र

**निर्देश** (प्र. सं. 40-47) *दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द/अक्षर/संख्या को चुनिए।*

**[SSC कांस्टेबल, 2012]**

**40.** लकड़ी : कागज : : इस्पात : ?
(a) धातु (b) कील (c) काँच (d) लोहा

**41.** 7 : 28 : : 2 : ?
(a) 8 (b) 12 (c) 16 (d) 24

**42.** RAT : TAR : : PIT : ?
(a) BIT (b) CAT (c) TIP (d) TOP

**43.** सूर्य : दिन : : चन्द्रमा : ?
(a) तारे (b) रात्रि (c) ग्रह (d) अँधेरा

**44.** पुत्र : भतीजा : : पुत्री : ?
(a) भतीजी (b) भाभी (c) बहन (d) माता

**45.** वलय (बाली) : कान : : ? : कलाई
(a) झुमका (b) चेन
(c) चूड़ी (कड़ा) (d) रिबन (फीता)

**46.** 7 : 45 : : 5 : ?
(a) 20 (b) 30
(c) 33 (d) 43

**47.** EFG : IJK : : MNO : ?
(a) PQR (b) OPQ
(c) QRS (d) NOP

**निर्देश** (प्र. सं. 48-50) *दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित अक्षर/शब्द/संख्या/ चुनिए।*

**[SSC कांस्टेबल, 2011]**

**48.** आरा : बढ़ई : : कैंची : ?
(a) किसान (b) दर्जी
(c) पेन्टर (रंगसाज) (d) कलाकार

**49.** ACDF : MOPR : : TVWY : ?
(a) LNPR (b) PRSU
(c) STVW (d) RUWZ

**50.** 5 : 30 : : 7 : ?
(a) 54 (b) 50
(c) 49 (d) 56

**उत्तरमाला**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 (b) | 2 (b) | 3 (d) | 4 (a) | 5 (c) |
| 6 (c) | 7 (c) | 8 (c) | 9 (d) | 10 (c) |
| 11 (b) | 12 (b) | 13 (b) | 14 (b) | 15 (a) |
| 16 (b) | 17 (b) | 18 (d) | 19 (a) | 20 (b) |
| 21 (c) | 22 (d) | 23 (a) | 24 (d) | 25 (a) |
| 26 (d) | 27 (c) | 28 (b) | 29 (a) | 30 (b) |
| 31 (a) | 32 (a) | 33 (d) | 34 (d) | 35 (d) |
| 36 (c) | 37 (a) | 38 (b) | 39 (c) | 40 (b) |
| 41 (a) | 42 (c) | 43 (b) | 44 (a) | 45 (c) |
| 46 (c) | 47 (c) | 48 (b) | 49 (b) | 50 (d) |

# संकेत एवं हल

**1.** (b) जिस प्रकार, बैंक के द्वारा धन का लेन-देन होता है, उसी प्रकार, परिवहन के द्वारा माल का आयात-निर्यात होता है।

**2.** (b) जिस प्रकार, अदालत न्याय का केन्द्र है, उसी प्रकार, विद्यालय शिक्षा का केन्द्र है।

**3.** (d) जिस प्रकार, चम्मच बर्तन के अन्तर्गत आती है, उसी प्रकार, तारीख कैलेण्डर के अन्तर्गत आती है।

**4.** (a) जिस प्रकार, नारियल खोल के अन्दर रहता है, उसी प्रकार, पत्र लिफाफे के अन्दर होता है।

**5.** (c) जिस प्रकार, मीनू में भोजन के व्यंजनों का उल्लेख रहता है, उसी प्रकार, सारणी में पुस्तकालय की पुस्तकों का उल्लेख रहता है।

**6.** (c) जिस प्रकार, समारोह का आयोजन थियेटर में होता है, उसी प्रकार, भोज होटल में आयोजित होता है।

**7.** (c) जिस प्रकार, दिन से सप्ताह बनता है, उसी प्रकार, सप्ताह से महीना बनता है।

**8.** (c) जिस प्रकार, धान से चावल निकलते हैं, उसी प्रकार, दूध से क्रीम निकलती है।

**9.** (d) जिस प्रकार, गज दूरी बताता है, उसी प्रकार, घड़ी समय बताती है।

**10.** (c) जिस प्रकार, प्रतिमा मूर्तिकार बनाता है, उसी प्रकार, कपड़े दर्जी बनाता है।

**11.** (b) जिस प्रकार, पैसा सम्पत्ति में अन्तर्निहित है, ठीक उसी प्रकार, करुणा दयालुता में अन्तर्निहित है।

**12.** (b) जिस प्रकार, नियमित सम्बन्धित (विपरीत) है, यदा-कदा से। उसी प्रकार, अधिकता सम्बन्धित है कुछ से।

**13.** (b) जिस प्रकार,

$M \xrightarrow{-1} L \longrightarrow 12$
$L \xrightarrow{-1} K \longrightarrow 11 \quad \Rightarrow \boxed{121114}$
$O \xrightarrow{-1} N \longrightarrow 14$

उसी प्रकार,

$Q \xrightarrow{-1} P \longrightarrow 16$
$J \xrightarrow{-1} I \longrightarrow 09 \quad \Rightarrow \boxed{160911}$
$L \xrightarrow{-1} K \longrightarrow 11$

अतः दूसरे युग्म की लुप्त संख्या 160911 होगी।

**14.** (b) जिस प्रकार,

$E \xrightarrow{\text{विपरीत अक्षर}} V \rightarrow 22$

$H \xrightarrow{\text{विपरीत अक्षर}} S \rightarrow 19$

$\therefore \frac{E}{H} : \frac{22}{19}$

उसी प्रकार,

$B \xrightarrow{\text{विपरीत अक्षर}} Y \rightarrow 25$

$I \xrightarrow{\text{विपरीत अक्षर}} R \rightarrow 18$

$\therefore \frac{B}{I} : \frac{\boxed{25}}{\boxed{18}}$

अतः दूसरे युग्म में लुप्त स्थान पर $\frac{25}{18}$ होगा।

**15.** (a) जिस प्रकार,

C E I S ⟶ T J F D (+1, +1, +1, +1)

उसी प्रकार,

H K M P ⟶ Q N L I (+1, +1, +1, +1)

अतः दूसरे युग्म का लुप्त अक्षर समूह QNLI होगा।

**16.** (b) जिस प्रकार,

Z A D C ⟶ B C F E (+2, +2, +2, +2)

उसी प्रकार,

R S F E ⟶ T U H G (+2, +2, +2, +2)

अतः दूसरे युग्म का लुप्त अक्षर समूह TUHG होगा।

**17.** (b) जिस प्रकार,

Q S U W ⟶ T V X Z (+3, +3, +3, +3)

उसी प्रकार,

D F H J ⟶ G I K M (+3, +3, +3, +3)

अतः दूसरे युग्म का लुप्त अक्षर समूह GIKM होगा।

**18.** (d) जिस प्रकार,

D Q P V E ⟶ C R O W D

(−1, +1, −1, +1, −1)

उसी प्रकार,

I N V R F ⟶ H O U S E

(−1, +1, −1, +1, −1)

अतः दूसरे युग्म का लुप्त अक्षर समूह HOUSE होगा।

**19.** (a) जिस प्रकार, 8 + 5 = 13
उसी प्रकार, 15 + 5 = 20

**20.** (b) जिस प्रकार,
$4^2 = 16$
उसी प्रकार, $5^2 = 25$

**21.** (c) जिस प्रकार,
$16 \Rightarrow 16 \times 2 + 2 = 34$
उसी प्रकार,
$11 \Rightarrow 11 \times 2 + 2 = 24$

**22.** (d) जिस प्रकार,
$63 \Rightarrow 63 \times 8 = 504$
उसी प्रकार,
$53 \Rightarrow 53 \times 8 = 424$

**23.** (a) जिस प्रकार,

$3 \Rightarrow 3 + 2 = 5$
$2 \Rightarrow 2 + 2 = 4$
$1 \Rightarrow 1 + 2 = 3$
$0 \Rightarrow 0 + 2 = 2$
$\Rightarrow 5432$

उसी प्रकार,

$6 \Rightarrow 6 + 2 = 8$
$7 \Rightarrow 7 + 2 = 9$
$5 \Rightarrow 5 + 2 = 7$
$3 \Rightarrow 3 + 2 = 5$
$\Rightarrow 8975$

**24.** (d) जिस प्रकार, $4 \Rightarrow 4 + 1 = (5)^2 = 25$
उसी प्रकार, $6 \Rightarrow 6 + 1 = (7)^2 = 49$

**25.** (a) जिस प्रकार,
$5 \Rightarrow (5)^3 \Rightarrow 125 \times 2 = 250$
उसी प्रकार,
$6 \Rightarrow (6)^3 \Rightarrow 216 \times 2 = 432$

**26.** (d) जिस प्रकार,
$8 \Rightarrow 8 \times 5 \Rightarrow 40 - 2 = 38$
उसी प्रकार,
$5 \Rightarrow 5 \times 5 \Rightarrow 25 - 2 = 23$

**27.** (c) जिस प्रकार,
5 ⟶(+4) 9 ⟶(+7) 16

उसी प्रकार,
7 ⟶(+4) 11 ⟶(+7) 18

**28.** (b) जिस प्रकार,
1 → $1^2$, 4 → $2^2$, 9 → $3^2$
उसी प्रकार,
16 → $4^2$, 25 → $5^2$, 36 → $6^2$

**29.** (a) जिस प्रकार,
4 ⟶(×2) 8 ⟶(×2) 16
उसी प्रकार,
3 ⟶(×2) 6 ⟶(×2) 12

**30.** (b) जिस प्रकार,
6 ⟶ $(6)^2$ = 36 ⟶ 63
उसी प्रकार,
8 ⟶ $(8)^2$ = 64 ⟶ 46

**31.** (a) जिस प्रकार, 4 ⟶ 19 [$(4)^2 + 3$]
उसी प्रकार, 7 ⟶ 52 [$(7)^2 + 3$]

**32.** (a) जिस प्रकार,
D I M O (1 2 3 4) ⟶ D M I O (1 3 2 4)
उसी प्रकार,
J U V R (1 2 3 4) ⟶ J V U R (1 3 2 4)

**33.** (d) जिस प्रकार 'पुस्तकालय' में पुस्तके होती हैं, उसी प्रकार 'वन' में वृक्ष होते हैं।

**34.** (d) जिस प्रकार फ्रेंच, फ्रांस की भाषा है उसी प्रकार डच, हॉलैण्ड की भाषा है।

**35.** (d) जिस प्रकार शिक्षक, स्कूल में कार्य करते हैं, उसी प्रकार नर्स, अस्पताल में कार्य करती हैं।

**36.** (c) जिस प्रकार, $(11)^3 \rightarrow 1331$
उसी प्रकार, $(9)^3 \rightarrow 729$

**37.** (a) जिस प्रकार, खिड़की बढ़ई बनाता है, उसी प्रकार मूर्ति, मूर्तिकार बनाता है।

**38.** (b) जिस प्रकार, मनोविज्ञान के अन्तर्गत मन का अध्ययन किया जाता है, उसी प्रकार, अंकगणित के अन्तर्गत संख्याओं का अध्ययन किया जाता है।

**39.** (c) जिस प्रकार, बर्फ में ठण्डक होती है, उसी प्रकार पृथ्वी में गुरुत्वाकर्षण होता है।

**40.** (b) जिस प्रकार 'लकड़ी' से 'कागज' बनाया जाता है। ठीक उसी प्रकार 'इस्पात' से 'कील' बनाई जाती है।

**41.** (a) जिस प्रकार, 7 ⟶(×4) 28
उसी प्रकार, 2 ⟶(×4) 8

**42.** (c) जिस प्रकार, R A T ⟶(विपरीत क्रम) T A R
उसी प्रकार, P I T ⟶(विपरीत क्रम) T I P

**43.** (b) जिस प्रकार 'सूर्य', 'दिन' में निकलता है। ठीक उसी प्रकार 'चन्द्रमा', 'रात्रि' में निकलता है।

**44.** (a) जिस प्रकार, 'पुत्र', 'भतीजा' से सम्बन्धित है, ठीक उसी प्रकार 'पुत्री' का सम्बन्ध 'भतीजी' से होगा।

**45.** (c) जिस प्रकार, वलय (बाली) 'कान' में पहनी जाती है, ठीक उसी प्रकार चूड़ी (कड़ा) 'कलाई' में पहनी जाती है।

**46.** (c) जिस प्रकार, 7 × 6 = 42 + 3 = 45
उसी प्रकार, 5 × 6 = 30 + 3 = 33

**47.** (c) जिस प्रकार,
E ⟶(+1) F ⟶(+1) G ⟶(+2) I ⟶(+1) J ⟶(+1) K
उसी प्रकार,
M ⟶(+1) N ⟶(+1) O ⟶(+2) Q ⟶(+1) R ⟶(+1) S

**48.** (b) जिस प्रकार, 'आरा', 'बढ़ई' का यन्त्र है, उसी प्रकार, 'कैंची', 'दर्जी' का यन्त्र है।

**49.** (b) जिस प्रकार, A ⟶(+2) C ⟶(+1) D ⟶(+2) F
M ⟶(+2) O ⟶(+1) P ⟶(+2) R
T ⟶(+2) V ⟶(+1) W ⟶(+2) Y
उसी प्रकार, P ⟶(+2) R ⟶(+1) S ⟶(+2) U

**50.** (d) जिस प्रकार, 5 तथा $5^2 + 5 = 30$
उसी प्रकार, 7 तथा $7^2 + 7 = 56$